महानगर लखनऊ—226006
फोन नं0 : 0522—2337451
फैक्स नं0: 0522—2337453
सीयूजी नं0: 945440—0136
Email:sec2-pachq.lu@up.gov.in

पीएसी मुख्यालय
उत्तर प्रदेश

पत्रांकःपीएसी-II-209(04)-2025
दिनांकः अक्टूबर 11 ,2025

सेवा में,

समस्त सेनानायक,
पीएसी वाहिनी, उ0प्र0।

कृपया अवगत कराना है कि पीएसी के लिये दंगा/भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम मेरे द्वारा व्हाट्सएप पीएसी टीम ग्रुप पर दिनांक 24.09.2025 को प्रेषित किया गया था एवं अपेक्षा की गयी थी कि पीएसी वाहिनियों के सभी सेनानायक प्रशिक्षण कार्यक्रम (training module) के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करायेंगे किन्तु मेरे संज्ञान में आया है कि ऐसा व्यवहारिक तौर पर अमल में न लाकर मात्र पुराने तरीकों से ही प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है।

2- अत: उपरोक्त ट्रेनिंग मॉड्यूल पुनश्च ई-मेल के माध्यम से इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि आप सभी 'A' कोर्स का प्रशिक्षण इसी मॉड्यूल के आधार पर तत्काल प्रभाव से प्रदान कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इसे लागू करने में यदि कोई कठिनाई हो तो इस सम्बन्ध में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित 08.08.2025 को गठित कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मध्य जोन, लखनऊ अथवा सदस्यगण श्री किरीट राठोड, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी लखनऊ अनुभाग, लखनऊ, श्रीमती शालिनी, पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी बरेली अनुभाग एट मुरादाबाद, श्री अमित कुमार, सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ, सुश्री प्राची सिंह, सेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ एवं श्री दिनेश यादव, सेनानायक, 41वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद को समस्या/सुझाव प्रेषित किये जा सकते हैं।

11.10.25

( डॉ0 रामकृष्ण स्वर्णकार )
अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी,
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि:- 1. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित है कि अपने निकट पर्यवेक्षण में अपने अनुभाग की अधीनस्थ वाहिनियों में अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित गठित कमेटी के सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. श्री किरीट राठोड, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी लखनऊ अनुभाग, लखनऊ।
2. श्रीमती शालिनी, पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी बरेली अनुभाग एट मुरादाबाद।
3. श्री अमित कुमार, सेनानायक, 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ।
4. सुश्री प्राची सिंह, सेनानायक, 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ।
5. श्री दिनेश यादव, सेनानायक, 41वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद।

महानगर, लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337451
फैक्स : 0522–2337453
सीयूजी : 945440–0136
Email:sec2-pachq.lu@up.gov.in

**पीएसी मुख्यालय**
**उत्तर प्रदेश**

पत्रांकः पीएसी–।।–209(04)2025 /1397
दिनांक : नवम्बर 04 ,2025

सेवा में,

समस्त सेनानायक,
पीएसी, वाहिनी उ0प्र0।

मुख्यालय के पत्र संख्या पीएसी–।।–209–(04)2025 दिनांकित 09.10.2025 के द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के निर्देशानुसार "सी कोर्स" सम्बन्धी संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थापन पर तत्काल प्रभाव से प्रदान कराने विषयक विस्तृत निर्देश पूर्व में निर्गत किये जा चुके है।

अतः सन्दर्भित पत्र में उल्लिखित विषय वस्तु के बिन्दुओं का हिन्दी रूपान्तरण एवं पाठ्य सामग्री पुनः संलग्न की जा रही हैः–

**1. दंगा नियंत्रण, उपकरण और विशेष वाहन**

दंगा नियंत्रण हथियार, पॉलीकार्बोनेट लाठी/ढाल, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, गैस मास्क, गैस गन, दंगा–रोधी गन, पंप–एक्शन गन, मल्टी–शेललॉन्चर (MSL), कम घातक लॉन्चर, वज्र वाहन आदि के बारे में प्रशिक्षण ।

➢ बलवा से निपटने की परिदृश्य एवं परिस्थिति आधारित "रणनीति" और टीम गठन, उदाहरण के लिएः

- सांप्रदायिक/जातिगत तनाव परिदृश्य।
- राजनीतिक आंदोलन और अभियानों से उत्पन्न अशान्ति; इसमें अग्निशमन दल की भूमिका शामिल हैं।
- ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में तनाव/अशांति (जैसे कांवड़/सड़क दुर्घटना से उत्पन्न स्थिति और प्रभाव) इसमें क्षेत्रीय संरचनाएँ शामिल हैं।
- मूर्ति विसर्जन के दौरान उत्पन्न कानून और व्यवस्था की तनावपूर्ण घटना आदि। इसमें "मूर्ति सुरक्षा दल", गिरफ्तारी/स्नैच दस्ते के पूर्व से गठित करने की व्यवस्था शामिल हैं।

**2. अश्रु गैस हथियार और फायरिंग का अभ्यास (Practical)**

- गैस गन, दंगा–रोधी गन और पंप–एक्शन गन, मल्टी–शेल लॉन्चर (MSL) से फायरिंग, आंसू/धुआं ग्रेनेड फेंकना, वज्र/मिनी–वज्र वाहन से फायरिंग का अभ्यास।

**3. लोक व्यवस्था प्रबंधन**

- भीड़ मनोविज्ञान, वर्तमान सार्वजनिक परिदृश्यों में पुलिस बल के सामने आने वाली चुनौतियाँ, विभिन्न आंदोलनों में पुलिस की भूमिका, भीड़ नियंत्रण तकनीकें, लोक व्यवस्था में मीडिया की भूमिका, बातचीत कौशल और संघर्ष प्रबंधन, प्लाटून संरचना, दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, केस स्टडी, कुंभ के दौरान लोक व्यवस्था प्रबंधन, दिल्ली किसान आन्दोलन, सीएए–एनआरसी विरोध प्रदर्शन, आदि।

उक्त पाठ्यक्रम एवं पाठ्य समाग्री निम्न गूगल लिंक या **QR** कोड से मोबाइल पर प्राप्त की जा सकती है।

**1– अंकित गूगल लिंक :–**

https://drive.google.com/drive/folders/1fOe41Nl7sOkYgy1nFaES4RZN9FiHqdvK?usp=drive_link

**अन्य निर्देशः–**

1– प्रशिक्षण का संचालन निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार किया जाये ।

2– प्रशिक्षण की प्रगति रिपोर्ट साप्ताहिक रूप से वाहिनी मुख्यालय को प्रेषित की जाये।

3– राजपत्रित अधिकारी व्यवस्थापन चेकिंग के दौरान उक्तानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण आख्या में इस बिंदु पर टिप्पणी करेंगे एवं गुणवत्ता में सुधार कराएंगे।

4.1.25

**(डॉ रामकृष्ण स्वर्णकार)**
अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को अपने निकट पर्यवेक्षण में उपरोक्तानुसार प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने हेतु प्रेषितः–

1. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः–** प्रभारी कण्ट्रोल रूम, पीएसी मुख्यालय उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।